## महत्वपूर्ण एवं खास

### ई-पेपर के विज्ञापन का भी कराना होगा प्री. प्रमाणीकरण

भोपाल (आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि ई-पेपर पर दिए जाने वाले राजनैतिक विज्ञापन का भी प्री-सर्टिफिकेशन संबंधित राजनैतिक दल अथवा उम्मीदवार को करवाना जरूरी होगा। इसी तरह चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को अपने स्वयं का सोशल मीडिया एकाउण्ट, वेबसाइट, ब्लॉग एवं ई-मेल आईडी की जानकारी नाम निर्देशन पत्र के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले शपथ पत्र में अनिवार्य रूप से करना होगी।

### 15 दिन में 1 करोड़ से अधिक की अवैध शराब जब्त

राजगढ़ (आरएनएस)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2018 के दृष्टिगत जिले में अवैध शराब कारोबार के विरूद्ध अभियान जारी है। जिला एवं पुलिस प्रशासन तथा आबकारी विभाग ने निरन्तर संयुक्त कार्रवाई के लिए कमर कसने से अवैध मदिरा कारोबारियों की कमर टूटती नजर आ रही है। पिछले लगभग 15 दिवसों में एक करोड़ से अधिक की अवैध शराब जब्त अथवा मौके पर नष्ट की जा चुकी है।

### पत्नी ने पति को दिया जहर

हरिद्वार (आरएनएस)। सड़क दुर्घटना में पैर कटने से अपाहिज पति से पीछा छुड़ाने के लिए पत्नी ने उसे जहर देकर मारने का प्रयास किया लेकिन कम खाना खाने के कारण युवक बच गया। बाद में पत्नी ने मायके वालों के साथ मिलकर उसकी हत्या करने की कोशिश की। युवक के प्रार्थनापत्र पर कोर्ट ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। सहारनपुर निवासी युवक प्रवीण पुत्र राजकुमार बिजनौर के एक सरकारी स्कूल में शिक्षक है। उसकी पत्नी लक्सर के एक स्कूल में सरकारी शिक्षक है।

### विधानसभा निर्वाचन-2018 : पहले चरण के निर्वाचन के लिए 231 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र विधिमान्य

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में पहले चरण के निर्वाचन वाले 18 विधानसभा सीटों में आज नामांकन पत्रों की संवीक्षा के बाद कुल 231 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र विधिमान्य पाए गए। राजनांदगांव जिले के खैरागढ़ विधानसभा में 19, डोंगरगढ़ में 11, राजनांदगांव में 40, डोंगरगांव में 14, खुज्जी में 18 और मोहला-मानपुर विधानसभा सीट में 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र विधिमान्य घोषित किए गए हैं।

## नामांकन आए 421, जांच के बाद वैध पाए गए 231




रायपुर। पहले चरण के 18 सीटों के लिए भरे गये नामांकन की आज जांच की गयी। जांच के दौरान 190 नामांकन पत्र खारिज हो गये, वहीं 231 नामांकन पत्र वैध पाये गये हैं। राजनांदगांव जिले के खैरागढ़ विधानसभा में 19, डोंगरगढ़ में 11, राजनांदगांव में 40, डोंगरगांव में 14, खुज्जी में 18 और मोहला-मानपुर विधानसभा सीट में 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जांच में सही पाये गये है। पहले चरण में निर्वाचन वाले बस्तर संभाग के कांकेर जिले के अंतागढ़ विधानसभा में 14, भानुप्रतापपुर में 10 एवं कांकेर विधानसभा में आठ उम्मीदवारों के नामांकन पत्र विधि मान्य पाए गए हैं। कोंडागांव जिले के केशकाल विधानसभा में नौ तथा कोंडागांव में पांच उम्मीदवारों के नामांकन विधिमान्य घोषित किए गए हैं। इसी तरह से नारायणपुर जिले के नारायणपुर विधानसभा के लिए आठ उम्मीदवारों के नामांकन पत्र विधिमान्य पाए गए हैं।

बस्तर जिले के बस्तर विधानसभा में छह, जगदलपुर में 25 और चित्रकोट विधानसभा में 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र विधिमान्य घोषित किए गए हैं। दंतेवाड़ा जिले के दंतेवाड़ा विधानसभा के लिए 10, बीजापुर जिले के बीजापुर विधानसभा में छ लिए आठ तथा सुकमा जिले के कोंटा विधानसभा के लिए छह उम्मीदवारों के नामांकन पत्र विधिमान्य पाए गए हैं। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 26 अक्टूबर है।

रमन के नामांकन पर कांग्रेस की आपत्ति खारिज- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने राजनांदगांव विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया है। उनके नामांकन में त्रुटि बताते हुए कांग्रेस ने इसकी शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी से की थी। इस आपत्ति पर सुनवाई करते हुए निर्वाचन अधिकारी ने डॉ रमन के नामंकन फार्म को सही पाया और इसे स्वीकार कर लिया है। इसी के साथ कांग्रेस की आपत्ति खारिज कर दी गई। अब कांग्रेस प्रवक्ता इस मामले को अदालत ले जाने की बात कह रहे हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर भीम सिंह ने आयोग से चर्चा कर भाजपा प्रत्याशी डॉ रमन सिंह का नामांकन फार्म स्वीकृत किया। जिला कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि मामले को लेकर पार्टी अब अदालत जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन अधिकारी ने आपत्ति की सुनवाई में जो नियम बताए हैं उसके तहत भी भाजपा प्रत्याशी का नामांकन निरस्त होना चाहिए, क्योंकि यहां नाम निर्देशन फार्म उपलब्ध था उसके बाद भी टाईप किया फार्म जमा किया गया है। आयोग के दस्तावेज में इसका भी उल्लेख है कि नामांकन फार्म नहीं होने की स्थिति में ही बाहर से टाइप फार्म लिया जाएगा। रूपेश ने कहा न्यायालय में इस विषय को लेकर केस करेंगे।

चुनावी खर्च के लिए प्रत्याशी खोलवाएंगे नया बैंक खाता: विधानसभा चुनाव में होने वाले खर्च के लिए प्रत्याशी को नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने से एक दिन पहले तक किसी बैंक में अपना एक पृथक खाता खोलना होगा। इस बैंक खाते की खाता संख्या का उल्लेख अपने नाम निर्देशन पत्र में करना होगा। चुनाव से संबंधित सभी खर्च इसी खाते से किया जाएगा। बैंक खाता प्रत्याशी और उसके निर्वाचन अभिकर्ता के संयुक्त नाम से भी खोला जा सकता है। खाता राष्ट्रीय बैंकों, सहकारी बैंकों या अन्य किसी भी बैंक या डाक घर में भी खोला जा सकता है। चुनाव से संबंधित खर्च के लिए 20 हजार रुपए तक की राशि नकद के रुप में दी जा सकती है। किन्तु इससे ज्यादा की राशि चेक, ड्रॉफ्ट, आरटीजीएस, एनइएफटी के माध्यम से ही दिया जाएगा।

## बीजेपी 12 सीटों पर आज-कल घोषित कर सकती है उम्मीदवार



रायपुर। भाजपा आज या कल अपने बचे हुए 12 प्रत्याशियों के नामों को ऐलान कर सकती है। मुख्यमंत्री रमन सिंह ने इस बात के संकेत दिये है कि प्रत्याशी चयन को लेकर कोई उलझन नहीं है, अब दिल्ली से एक-दो दिनों बाकी बचे 12 नामों का ऐलान कर दिया जायेगा। ये तमाम सीटें मैदानी इलाकों की सीटें हैं। दरअसल भाजपा इसलिए नामों को लेकर ज्यादा फिक्रमंद नहीं है, क्योंकि भाजपा ने अपनी पहली सूची में ही 78 नामों का ऐलान कर दिया है। जबकि कांग्रेस अभी सिर्फ 18 प्रत्याशी ही तय कर पायी है। ऐसे में पार्टी कांग्रेस के पत्तों को देखना चाह रही है कि वो आखिर किन प्रत्याशियों पर दांव लगा रहे हैं। हालांकि महासमुंद की सबसे ज्यादा तीन सीटें अभी रूकी हुई है। हालांकि चर्चा है कि महासमुंद के विधायक विमल चोपड़ा की घर वापसी हो सकती है, इसलिए महासमुंद की सीट को अभी होल्ड में रखा गया है। महासमुंद के अलावे सरायपाली और बसना पर अभी पैनल खत्म नहीं हुआ है।

चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने बुधवार को शाम इलेक्शन मेनिफेस्टो कमेटी की बैठक की। बैठक में कमेटी में प्रदेश प्रभारी अनिल जैन, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, अजय चंद्राकर, केंद्रीय राज्य मंत्री विष्णुदेव साय, सांसद रामविचार नेताम,विधायक श्रीचंद सुंदरानी मौजूद रहे। बैठक में मेनिफेस्टो को अंतिम रुप देकर प्रकाशन के लिए भेजने का फैसला किया गया।

बताया जा रहा है कि बीजेपी 4 से 5 नवंबर तक अपना मेनिफेस्टो जारी कर सकती है। मेनिफेस्टो को लेकर मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कहा कि जो दृष्टि पत्र लेकर हम जनता के बीच जा रहे है उसे लेकर एक प्रारूप तैयार किया है। नवा छत्तीसगढ़ 2025 की कार्य योजना के तहत अलग अलग बिंदु को लेकर माइक्रो लेवल तक जाकर प्लानिंग की गई है।

## इंसान के भीतर होता है एक चुंबकीय क्षेत्र, जानिये इसके बारे में

आपने एक्समैन फिल्म तो जरूर देखी ही होगी। जिसमें दिखाये गये पात्र मैग्नेटो के पास अद्भुत चुंबकीय शक्तियां होती हैं इसको देखकर आपने भी सोचा होगा कि काश ये शक्ति आपके पास भी होती। इस फिल्म में बताया गया था कि मैग्नेटो किसी भी जगह पर अपने दिमाग की तरंगों की मदद से शक्तिशाली मैग्नेटिक फील्ड उत्पन्न कर देता है। वैसे तो ये एक काल्पनिक पात्र था, लेकिन सोचो ऐसा सच में हो तो क्या होगा।वैज्ञानिक जानने कि कोशिश कर रहे है कि क्या वाकई में मनुष्य के भीतर चुंबकीय क्षेत्र का अस्तित्व होता है या नहीं? कई सालों से शोधकर्ता इस विषय पर शोध करते आ रहे हैं। वैज्ञानिकों ने बताया कि अगर ऐसा मुमकिन हो जाये तो ऊर्जा का संकट काफी हद तक दूर किया जा सकेगा। दार्शनिक भी इसके बारे में बता दे कि इंसान के भीतर एक चुंबकीय क्षेत्र होता है, लेकिन उसे आसानी से जागृत नहीं किया जा सकता है। इनका मानना है कि इसको जागृत करना बहुत मुश्किल होता है। वैज्ञानिक ने बताया है कि मनुष्य के शरीर में चुंबकीय क्षेत्र को महसूस करने की क्षमता पाई जाती हैबस इसके लिए उनको बहुत सारा अध्ययन करने की जरूरत है। वैज्ञानिकों ने इसको मैग्नेटिक सिक्स्थ सेंस नाम दिया है।



आपको पहले ही बता दे कि ये चुंबकीय गुण दिमाग की संरचना पर निर्भर करते हैं। वैसे आपको पहले से ही जानकारी दे दे कि इंसान ऐसा अकेला जीव नहीं है धरती पर जिसमें चुंबकीय क्षेत्र पाया जाता है।

## केराबाई मनहर को बदलने की मांग : सैकड़ों कार्यकर्ता रायपुर पहुंचे

सारंगढ़ (आरएनएस)। विधानसभा सीट पर भाजपा ने केराबाई मनहर को फ़िर से चुनाव मैदान में उतारने का एलान कर दिया है इस ऐलान के साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं में गहरी निराशा छा गई है तथा बीते 48 घंटों में भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के द्वारा केराबाई मनहर के लिये काम नही करने का संकेत छनकर बाहर निकल रहा है जिससे भाजपा मैनेजर भी तनाव में आ गये है वही संगठन के कुछ महत्वपूर्ण पदाधिकारियों और टिकट के दावेदारो के बीच बड़ी मिटिंग होने की खबर है जिसके बाद तय हुआ है कि राजधानी जाकर सारंगढ़ विधानसभा की मैदानी स्थिति की जानकारी प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय को प्रदान किया जायेगा जिसमें तहत आज लगभग 50 वाहनों में सवार होकर अपना पक्ष रखकर केराबाई मनहर को हटाने की मांग करने के लिये छत्तीसगढ़ के भाजपा प्रभारी अनिल जैन से मुलाकात कर अपना पक्ष रखा। सारंगढ़ विधानसभा सीट पर भाजपा के द्वारा घोषित सूची में वर्तमान विधायक श्रीमती केराबाई मनहर के नाम की घोषणा होते ही सारंगढ़ के भाजपा कार्यकर्ताओं में मायूसी छा गई तथा एक पटाखा तक सारंगढ़ में नहीं फूटा और ना ही किसी प्रकार का कोई बधाई या शुभकामनाओ का कोई आयोजन तक उत्साही स्तर पर नही हुआ। वही केराबाई मनहर के टिकट के लेकर विरोध का स्वर तेज होते जा रहे है।

## प्रियंका की शादी से दीपिका का रिसेप्शन क्लैश!

दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह और प्रियंका चोपड़ा, निक जोनस अपना रिलेशनशिप ऑफिशल कर चुके हैं। जहां प्रियंका निक जोनस के साथ रोका कर चुकी है वहीं दीपिका ने अपनी शादी की डेट भी अनाउंस कर दी। दोनों की शादी 14 और 15 नवंबर को इटली में होगी। खबर है कि शादी के बाद दीपिका-रणवीर मुंबई के हयात होटल में 1 दिसंबर को ग्रैंड रिसेप्शन देंगे।



दोनों के रिसेप्शन की डेट थोड़ी सरप्राइजिंग है क्योंकि रिपोर्ट्स की मानें तो प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस 1 दिसंबर को शादी कर रहे हैं। खबरों की मानें तो प्रियंका का ब्राइडल शॉवर अक्टूबर में होगा जिसके बा वह जोधपुर में शानदार शादी करेंगी। उनकी गेस्ट लिस्ट में करीब 200 लोग हैं।

## चार नाबालिग लड़कियों लेकर युवक फरार

बिलासपुर। रतनपुर थानापारा निवासी चार लापता किशोरियों को रतनपुर पुलिस ने कॉल डिटेल के आधार पर रायगढ़ से बरामद किया है। चारों किशोरियां पुलिस को रेलवे स्टेशन में मिली, वहीं जिस लड़के साथ वह रायगढ़ तक पहुंची थी वह लड़का उन्हें छोड़ कर फरार हो गया।



रतनपुर पुलिस किशोरियों को लेकर वापस लौट रही है। पुलिस के अनुसार, रायगढ़ से बरामद हुई किशोरियों ने पुलिस को बताया कि वह सभी अपने दोस्त उत्तरा कुमार के साथ उसके घर घुमने सारंगढ़ जाने निकली थी। रतनपुर से चारों किशोरी उत्तरा कुमार के साथ बस से बिलासपुर पहुंची। यहां से उत्तरा लड़कियों के साथ रायपुर और फिर महासमुंद पहुंचा, उसके बाद सभी बाई रोड महासमुंद से रायगढ़ पहुंचे थे। रायगढ़ से सारंगढ़ जाने की तैयारी थी लेकिन अचानक उत्तरा ने कहा उसे आवश्यक काम आ गया है उसे कही और जाना है इस कारण वह बाद में उन्हें अपना घर दिखाएगा। कहकर रेलवे स्टेशन में छोड़ कर चला गया।

लापता किशोरियों ने थाना प्रभारी मानसिंह राठिया को बताया कि उत्तरा ने उन्हें रायगढ़ स्टेशन में बिलासपुर तक आने के लिए टिकट कटवा कर दिया, साथ ही बिलासपुर से रतनपुर जाने रुपए भी दिए थे। ताकि वह सभी सुरक्षित घर पहुंच सके।

## ट्रामा में मरीज की मौत पर हंगामा, डॉक्टर्स पर लापरवाही का आरोप

### परिजनों से डॉक्टर्स ने की मारपीट

लखनऊ (आरएनएस)। जहां एक तरफ यूपी सरकार सरकारी अस्पतालों में अच्छे स्वास्थ्य के दावे करती तो वहीं दूसरी ओर राजधानी के केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में डॉक्टरों की लगातार लापरवाही देखने को मिल रही है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें बाराबंकी से आये मरीज की डॉक्टरों की लापरवाही से मौत हो गई। सोचने वाली बात यह है जब मरीज की मौत हो गई तब ट्रामा के डॉक्टरों ने तीमारदारों को शव देने के लिए धन उगाही शुरू कर दी। तीमारदारों ने जब पैसा देने से मना किया तो डॉक्टरों ने उसके साथ मारपीट की और जेल भिजवाने की धमकी तक दे डाली। इस घटना की जानकारी पाते ही कवरेज करने पहुंचे मीडिया कर्मियों से ट्रामा में अपने आपको ट्रामा सीएमएस बताने वाले यू.वी. मिश्रा ने तीमारदारों के साथ ही कवरेज करने गए मीडियाकर्मियों से भी अभद्रता करनी शुरू कर दी और कवरेज करने पर मीडियाकर्मियों से हाथापाई करने पर उतर आए । सूचना पर पहुंची पिआरवी मौके पर होने के बावजूद तीमारदारों को धमकाने के साथ ही मीडियाकर्मियों को कवरेज करने का तरीका समझाती रही । पूरा मामला केजीएमयू के ट्रामा सेंटर का है जहां बताया जा रहा है की बाराबंकी से आई 29 वर्षीय महिला क्रीन मैरी में भर्ती हुई थी जिसकी डिलीवरी होनी थी, लेकिन डॉक्टरों ने महिला की डिलीवरी का समय पूरा होने से पहले ही 7वें महीने पर ही ऑपरेशन कर दिया जिसमें महिला की हालत गंभीर हो गई जिसको आनन-फानन में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया।

## वजन कम करना हो तो खाएं पत्तागोभी, ये भी हैं फायदे

बंदगोभी को पत्तागोभी भी कहा जाता है। यह एक बहुत ही फायदेमंद सब्जी है, क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन, सल्फर, आयरन, पोटेशियम आदि पौषक तत्व पाये जाते हैं। बंदगोभी को हम कईरूपों में प्रयोग करते, सब्जी, पराठे, सलाद, अचार आदि यह खाने में बहुत ही टेस्टी होने साथ-साथ हमारे सेहत के लिए भी लाभकारी है, तो आइये जानते हैं पत्तागोभी से होने वाले लाभ के बारे में...



पत्तागोभी खाने से जोड़ों के दर्द, दांतों के रोग, दिमागी कमजोरी और पीलिया आदि रोगों में लाभ मिलता है।

बंदगोभी में बहुत से ऐसे तत्व पाये जाते हैं जो कैंसर की सैल्स को रोकने और कैंसर रोग को होने से बचाने में मदद करता है।

बंदगोभी में अधिक मात्रा में विटामिन सी व बी पाया जाता है। इसलिए यदि आप वजन को कम करना हो तो बंदगोभी का अधिक मात्रा में सेवन करना चाहिए।

बंदगोभी का मास्क-: चार चम्मच बंदगोभी के रस में थोड़ा-सा गेहूं का आटा मिलाकर चेहरे पर लेप करें। थोड़ी देर बाद चेहरा साफ कर लें। इससे त्वचा में कसाव आता है। झुर्रियां खत्म होती है।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव से पहले नक्सली ने मचाया तांडव, गाड़ियों पर लिखे चुनाव बहिष्कार के नारे

दंतेवाड़ा। अब तक नक्सली पर्चे फेंक और पोस्टर लगाकर चुनाव का बहिष्कार कर रहे थे। पर अब वह गाड़ियों में चुनाव बहिष्कार के नारे लिखकर लोगों को चेता रहे हैं। बताया जा रहा है छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव का बाहिष्कार कर रहे नक्सलियों ने अब नया रास्ता निकाला है। अब वह गाड़ियों में चुनाव बहिष्कार के नारे लगा रहे है। देर रात दंतेवाड़ा जिले के बचेली थाना क्षेत्र में नक्सली ने यह कारनामा खड़ा किया है। बता दे नक्सलियों ने खड़ी पिकअप और सकारियों पर चुनाव बहिष्कार के नारे लिखे। उन्होंने लिखा - छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करो।



## मंदिर हसौद इलाके में नकबजनी के 4 प्रकरणों का खुलासा 4 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत हुये मंदिर, दुकान एवं सूने मकानों में नकबजनी के 4 प्रकरणों का खुलासा बुधवार को कंट्रोल रुम में क्राइम ब्रांच ने किया। मुखबीर की सूचना पर पुराने संदेहियों की पूछताछ में मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपियों से चोरी की कम्प्यूटर सेट, फोटो कॉपी मशीन, लेजर प्रिंटर, डिजिटल कैमरा, सेल्फी फोटो प्रिंटर, कम्प्यूटर सीपी यू, मिक्सी जार सहित, सिलाई मशीन, इण्डक्शन चूल्हा एवं नगदी 5,500 रूपये बरामद किया है। आरोपियों ने नशे की लत एवं अन्य शौक को पूरा करने के लिए चोरी करने की बात स्वीकार किया है। पकड़े गए आरोपी में भूपेन्द्र साहू उर्फ पकलू पूर्व में भी नकबजनी प्रकरण में जेल जा चुका है। पुलिस ने जब्त चोरी के सामान की कीमत एक लाख रूपये बताया है। गिरफ्तार आरोपियों में सभी का उम्र 18 से 19 वर्ष है जिसमें पूनम ठाकुर निवासी पीपरहट्टा, भूपेन्द्र साहू उर्फ पकलू निवासी तुलसी, तुलेश्वर वर्मा निवासी नारा शांति चौक, युगल किशोर साहू उर्फ पकलू निवासी नारा पुरानी बस्ती सभी मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।



थाना मंदिर हसौद में आरोपियों के विरुद्ध नकबजनी की 04 प्रकरणों में धारा 457, 380 भादवि. के तहत मामला दर्ज किया गया है।

क्राइम ब्रांच ने चारों प्रकरणों को खुलासा करते हुए बताया कि ग्राम नारा भाटापारा निवासी रामनाथ साहू जो भैरवी भवानी मंदिर का देख रेख करता है। 20 सितंबर की सुबह 5 बजे मंदिर के सामने का चैनल गेट खुला होने की जानकारी ग्रामीणों ने दी। अंदर दान पेटी जो लकडी का बना है। दान पेटी में रखा रूपये चोरी कर ले गया है।

## पुलिस ने संगठित अपराध को अंजाम देने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश



बिलासपुर। बिलासपुर पुलिस ने सुनियोजित और संगठित अपराध को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपियों का सरगना रायपुर में मजदूरी का काम करता है। इसके अलावा अन्य सभी गिरफ्तार आरोपी और चोरी की सामानों के खरीदार बिलासपुर जिले के आस पास क्षेत्र में मजदूरी का करते हैं। पिछले एक साल से संगठित अपराध को अंजाम दे रहे थे। इस दौरान आरोपियों ने दर्जनों घरों और स्कूलों को निशाना बनाया है। पुलिस कप्तान आरिफ शेख ने बताया कि धरपकड़ के बाद पूछ-ताछ में आरोपियों ने कबूल किया है कि बैंक लूटने का प्लान तैयार किया था। लूट को अंजाम देने देशी कट्टा भी खरीदा है। फिलहाल आरोपियों से लाखों रूपए की कीमती सामान समेत देशी कट्टा को बरामद किया गया है। इस बीच मुखबीर से जानकारी मिली कि थाना बिल्हा क्षेत्र के उमरिया और पुरी के कुछ लड़के गैंग बनाकर संदिग्ध रूप से घूम रहे हैं। जानकारी यह भी मिली कि लड़के देशी कट्टा लेकर लोगों को धमका भी रहे हैं। पुलिस ने तत्काल कार्यवाही कर उमरिया के जय किशन राजपूत उर्फ पोटलु और पेंड्री गांव के दिलीप साहू को क्राइम ब्रांच की टीम ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की।